CUMBERLAND
CITY COUNCIL

# पार्किंग दंड

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## नो पार्किंग क्षेत्र *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 168*


जहाँ नो पार्किंग चिह्न मौजूद हैं, वहाँ आपको किसी व्यक्ति को या सामान को उतारने या चढ़ाने के प्रयोजन से अपना वाहन रोकने का अधिकार है। आपका वाहन 2 **मिनट** से अधिक के लिए नहीं रोका जाना चाहिए और ड्राइवर किसी भी समय वाहन से 3 **मीटर** से अधिक दूरी पर नहीं होना चाहिए।

इस क्षेत्र में पार्किंग की अनुमति नहीं है।

कुछ नो पार्किंग क्षेत्रों के विभिन्न कार्य समय हो सकते हैं। इसका अर्थ है प्रतिबंध केवल दर्शाए गए आबंटित समय के दौरान पार्किंग पर लागू हैं।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना**: $136 **से लेकर**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $215 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**




## नो स्टॉपिंग क्षेत्र *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 167*

जहाँ नो स्टॉपिंग चिह्न मौजूद हों, वहाँ चिह्नित क्षेत्र के भीतर आपको अपना वाहन रोकना या पार्क नहीं करना चाहिए।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना**: $302 **से लेकर**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $410 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**



## पैदल क्रॉसिंग *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 171-173*

आपको पैदल क्रॉसिंग **पर या उसके पास** कभी भी वाहन को पार्क या उसे रोकना नहीं चाहिए।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना**: $410 **से लेकर** + 1 **डिमेरिट पॉइंट**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $544 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**



## चौराहे *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 171-173*

जब चौराहे पर हों, तो जब तक सड़क चिह्न आपको पार्क करने की अनुमति न दे, तब तक आपको किसी ऐसे चौराहे के 20 मीटर के भीतर जहाँ ट्रैफिक लाइटें मौजूद हों, या गोल चक्कर वाले या बिना ट्रैफिक लाइट वाले चौराहे के 10 मीटर के भीतर पार्क नहीं करना चाहिए।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना**: $410 **से लेकर** + 1 **डिमेरिट पॉइंट**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $544 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**

## बस क्षेत्र *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 195*

आपको किसी बस क्षेत्र के भीतर अपना वाहन रोकना या पार्क नहीं करना चाहिए। कुछ बस क्षेत्रों के विभिन्न कार्य समय हो सकते हैं। इसका अर्थ है प्रतिबंध केवल दर्शाए गए आबंटित समय के दौरान पार्किंग पर लागू हैं।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना**: $302 **से लेकर**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $410 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**



CUMBERLAND CITY COUNCIL

# पार्किंग दंड

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## डबल पार्किंग *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 189*



आपको किसी ऐसे वाहन के साथ अपना वाहन पार्क नहीं करना चाहिए जो सड़क के किनारे पहले से पार्क हो।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना:** $320 **से लेकर**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना:** $410 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**

## फुटपाथ और हरित पट्टी *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 197*



आपको अपने वाहन के दो पहिए हरित पट्टी पर चढ़ाकर या फुटपाथ के पार या उसके ऊपर पार्क नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे पैदल यात्रियों और/या साइकिलों के लिए अवरोध पैदा होगा।

इसमें रोकना शामिल है, जिसमें वाहन चल न रहा हो लेकिन इंजन फिर भी चालू हो।

**जुर्माना:** $302 **से लेकर**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना:** $387 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**

## ड्राइववे *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 198*



आपको अपना वाहन ड्राइववे के पार या उसके ऊपर पार्क नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परिसर में आने या जाने वाले वाहनों के लिए अवरोध पैदा होगा।

आपको किसी व्यक्ति को या सामान को उतारने या चढ़ाने के प्रयोजन से अपना वाहन यहाँ रोकने का अधिकार है।

**जुर्माना:** $320 **से लेकर**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना:** $387 + 2 **डिमेरिट पॉइंट**

## अपंग पार्किंग क्षेत्र



आपको तब तक अपंग पार्किंग चिह्न वाले किसी भी क्षेत्र में अपना वाहन पार्क नहीं करना चाहिए जब तक कि आपके पास वर्तमान **मोबिलिटी पार्किंग स्कीम** (MPS) कार्ड दर्शाया न जा रहा हो और आप किसी अपंग व्यक्ति को न ले जा रहे हों।

**जुर्माना:** $682 **से लेकर**

## निरंतर पीली रेखा



पटरी के किनारे जहाँ पर भी निरंतर पीली रेखा पेंट की गई हो, वहाँ आपको अपना वाहन रोकना या पार्क नहीं करना चाहिए।

**जुर्माना:** $302 **से लेकर**

CUMBERLAND CITY COUNCIL

# मोबाइल फोन का प्रयोग

सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

---

अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## मोबाइल फोन का प्रयोग *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 300*




### लर्नर, P1 और P2 लाइसेंस धारक:

किसी भी स्थिति में मोबाइल फोन प्रयोग करने की अनुमति नहीं है - जिसमें मैप एप्लिकेशन प्रयोग करना और ट्रैफिक लाइटों के लिए इंतज़ार करना, चलते हुए इंजन के साथ वाहन किनारे पर लगाना, या यातायात में फँसे रहना भी शामिल है - जब तक कि वाहन पार्क न हो और इंजन पूरी तरह बंद न हो।

किसी भी प्रकार से फोन पकड़ना गैर-कानूनी है, जब तक आप किसी यात्री को न दे रहे हों।

**जुर्माना**: $410 + 5 **डिमेरिट पॉइंट**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $514 + 5 **डिमेरिट पॉइंट**

---

### पूर्ण लाइसेंस धारक:



मोबाइल फोन का प्रयोग तभी कर सकते हैं, जब वह ब्लूटूथ या हैंड्स-फ्री मोड से जुड़ा हो और उपयोग किया जा रहा हो।

संदेश/ईमेल (टेक्स्ट या ऑडियो) भेजने और प्राप्त करने के लिए, कॉल करने या उठाने या फोटो/वीडियो लेने के लिए फोन को पकड़ने की अनुमति नहीं है।

मोबाइल फोन तब प्रयोग किए जा सकते हैं जब वे क्रेडल में सुरक्षित हों (वाहन पर टिका हो और ड्राइवर की दृष्टि को बाधित न कर रहा हो), और पूरी तरह हैंड्स-फ्री मोड में चलाए जा रहे हों।

**जुर्माना**: $387 + 5 **डिमेरिट पॉइंट**
**विद्यालय क्षेत्र जुर्माना**: $514 + 5 **डिमेरिट पॉइंट**

*ध्यान दें: यहाँ तक कि मोबाइल फोन के वैध प्रयोग भी ध्यान भटका सकते हैं।*



# नशे में गाड़ी चलाना (DUI)

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## नशीली दवाएं और शराब

रोड-साइड पुलिस जाँच द्वारा आपके सिस्टम (शरीर) में नशीली दवाओं और शराब के होने का पता लगाया जा सकता है।

**शराब:**

आपके द्वारा लिए गए आखिरी ड्रिंक के 12 घंटे बाद भी आप में रक्त एल्कोहॉल की मात्रा 0.02 या 0.03 हो सकती है, जो इसपर निर्भर करेगी कि आपने कितनी शराब पी थी।

**मारिजुआना:**

आपके आखिरी धूम्रपान के 30 दिनों के बाद तक भी पता लगाया जा सकता है, भले ही आपने उसे पहली बार प्रयोग किया हो।

निम्नलिखित पदार्थ आपके आखिरी प्रयोग के 5 दिन बाद तक पता लगाए जा सकते हैं:

- एम्फीटामाइन्स
- एक्स्टेसी
- कोकेन
- हेरोइन

## आकस्मिक साँस और ड्रग जाँच

पुलिस के पास किसी भी चालक को आकस्मिक साँस जाँच (RBT) या मोबाइल ड्रग जाँच (MDT) के लिए रोकने का अधिकार है। भिड़ंत की उन सभी स्थितियों में पुलिस सभी ड्राइवरों की जाँच करेगी जहाँ:

- वाहन को खींच कर ले जाने की जरूरत हो,
- किसी व्यक्ति को चोट लगी हो, या
- ऐसा लगे कि ड्राइवर शराब या नशीली दवाओं से प्रभावित है।

तब भी जब भिड़ंत में आपकी कोई गलती न हो:

- भिड़ंत के स्थान पर आपकी शराब की जाँच होगी।
- यदि उन्हें शक हो कि आप ड्रग्स से प्रभावित हैं तो आपको ड्रग्स जाँच के लिए गिरफ्तार किया जाएगा।
- यदि आपको अस्पताल ले जाया जाता है तो शराब और ड्रग्स के लिए आपकी रक्त-जाँच की जाएगी।

यदि भिड़ंत में आपकी कोई गलती नहीं है और आपकी शराब या ड्रग्स की जाँच पॉज़िटिव निकलती है, तो आपका बीमा आपकी भिड़ंत के नुकसान का भुगतान **नहीं करेगा** और आपको दंडित किया जाएगा।


## DUI = आपराधिक रिकॉर्ड

शराब पीकर या ड्रग्स लेकर गाड़ी चलाने का अपराध सिद्ध होना आपके जीवन के कम-से-कम अगले 5 साल को प्रभावित करेगा। यह सामान्यतः एकमात्र ऐसी चीज़ होगी जो आपको इनसे रोकेगी:

- आपकी अगली नौकरी पाने से (या अपनी वर्तमान नौकरी जारी रखने से)।
- आपकी गाड़ी, घर और सामग्री के बीमा कवर मिलने से।
- किराए के आवास मिलने से।
- निजी ऋण मिलने से।
- आपके अगले अवकाश के लिए यात्रा वीज़ा मिलने से।

### क्या आपको पता था?

तरुण दोषी एक्ट (1997) यातायात अपराधों पर लागू नहीं होता।
यातायात अपराधों के लिए कोर्ट में 16 वर्ष के लर्नर ड्राइवर भी वयस्क के समान माने जाते हैं।



# गैर-कानूनी यू-टर्न

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट




अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## गैर-कानूनी यू-टर्न *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 132 (2A)*

यदि निम्नलिखित जगहों पर यू-टर्न लिया जाता है, तो $410 + 3 **डीमेरिट पॉइंट** का दंड दिया जा सकता है:

- जहाँ सिंगल निरंतर लाइन सड़क को बांटती हो।
- जहाँ सिंगल बांटने वाली लाइन टूटी हुई बांटने वाली लाइन के बायीं तरह मौजूद हो।
- जहाँ दो समानांतर निरंतर बांटने वाली लाइनें मौजूद हों।

## यू-टर्न लेने के अपराध *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 37-42*

अन्य यू-टर्न के अपराध और दंड इस प्रकार हैं:

| अपराध का विवरण | दंड + डिमेरिट पॉइंट | विद्यालय क्षेत्र दंड + डिमेरिट पॉइंट |
|---|---|---|
| आते हुए यातायात को देखे बिना यू-टर्न लेना शुरू करना | $302 + 2 DP | $387 + 3 DP |
| यातायात को बाधित किए बिना ड्राइवर ने सुरक्षित रूप से यू-टर्न लेना न शुरू किया हो | $320 + 2 DP | $410 + 3 DP |
| वाहन/पैदल-यात्री को रास्ता दिए बिना यू-टर्न लिया हो | $387 + 2 DP | $514 + 4 DP |
| चिह्न के विपरीत बांटने वाली पट्टी के बीच विराम से यू-टर्न लेना | $302 + 2 DP | $410 + 3 DP |
| चिह्न के विपरीत सड़क के बीच से यू-टर्न लेना | $320 + 2 DP | $387 + 3 DP |
| ट्रैफिक लाइटों वाले चौराहे पर यू-टर्न लेना | $320 + 2 DP | $410 + 3 DP |
| चिह्न के विपरीत चौराहे (बिना लाइट वाले) से यू-टर्न लेना | $302 + 2 DP | $387 + 3 DP |
| बांटने वाली लाइन/बीच की पट्टी की सबसे नज़दीक वाली लेन से यू-टर्न की शुरुआत न करना | $320 + 2 DP | $410+ 3 DP |
| सड़क के बीच के बाएं तरफ से यू-टर्न की शुरुआत न करना | $320 + 2 DP | $387 + 3 DP |

# दूरी का अनुसरण करना

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## पर्याप्त दूरी रखना

ड्राइव या राइड करते समय भिड़ंत से बचने के लिए आपको यह देखने की ज़रूरत है कि आगे क्या है।


3 में से लगभग 1 भिड़ंत वाहन के आगे-पीछे की ही होती है। अनुसरण करने के लिए "3 सेकंड के अंतराल" के तरीके के साथ ड्राइव करना इस बात को सुनिश्चित करने का अच्छा तरीका है कि आप पहले से देख सकें और दूसरे वाहन के पीछे टक्कर न मारें।

उदाहरण के लिए, यदि आप किसी बच्चे को बॉल के पीछे सड़क पर भागते हुए देखते हैं तो क्या हो रहा है आपको इसका आभास होने में और अपना पैर एक्सिलरेटर से हटाने में 1 सेकंड लगेगा। केवल तभी आप ब्रेक लगा सकते हैं और धीमा करना शुरू कर सकते हैं।

नीचे दिया चार्ट यह दिखाता है कि इससे पहले कि आप अपने पैर को ब्रेक पैडल पर रखें तब तक विभिन्न गतियों पर आप कितनी दूर जाएंगे - और फिर आप पूरी तरह रुकने से पहले कितनी दूरी तय करेंगे।

पहली गणना, सूखी सड़क पर, 1.5 सेकंड के ड्राइवर प्रतिक्रिया समय के साथ 50 किमी/घंटा से नीचे की गति के लिए है; अच्छे ब्रेक और टायर वाले एक आधुनिक वाहन के लिए। आगे की तुलना के लिए सूखी और गीली सड़क के लिए 50 एवं 100 किमी/घंटा की गति दी गई है।

*ध्यान दें: ऑस्ट्रेलियाई यातायात सुरक्षा ब्यूरो के अनुसार दी गईं गणनाएं केवल एक मार्गदर्शक हैं।*




50 किमी/घंटा पर ड्राइव करते हुए आपका वाहन प्रति सेकंड 13.9 मी. चलता है। 1.5 सेकंड के औसत ड्राइवर प्रतिक्रिया समय के साथ, 50 किमी/घंटा पर ड्राइव करते हुए आप **खतरे पर प्रतिक्रिया** देने में ही 21 मी. चल चुके होंगे (ऊपर दिखाया गया पहला उदाहरण)। इस कारण, किसी आपातकालीन विराम की स्थिति में, 3 सेकंड की अनुसरण दूरी आवश्यक है। यदि मौसम की स्थिति सूखे से गीले में बदल जाए, तो आपको और अधिक अनुसरण दूरी रखनी पड़ेगी।

**सामान्य कोर्ट प्रथा:**

पीछे से भिड़ंत के दौरान गलती करने वाला ड्राइवर आगे वाले वाहन को इस कारण टक्कर मार देता है क्योंकि उसकी गति स्थितियों के अनुसार उचित तरीके से अनुकूलित नहीं होती।

# तीन सेकंड नियम

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट


*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## नियम को कैसे लगाएं।

आगे किसी स्थिर बिंदु को चुने जैसे पेड़, पार्क की हुई कार, बिजली का खंभा आदि।

जब आपके आगे वाला वाहन उस बिंदु को पार करे, तो गिनना शुरू करें: 1,001 (एक हज़ार एक), 1,002 (एक हज़ार दो), 1,003 (एक हज़ार तीन)।

यदि आप 1,003 गिनने से पहले उस बिंदु तक पहुँच जाते हैं, तो **धीमा करें** क्योंकि आप अपने आगे वाले वाहन के बहुत निकट हैं।




निम्नलिखित दूरी से संबंधित मुख्य सुरक्षा मामला यह समझना है कि प्रतिक्रिया करते समय 1-2 सेकंड की उस छोटी सी अवधि में आपकी गति और तय की दूरी के साथ क्या होता है।

आपकी रुकने की कुल दूरी असल में आपकी प्रतिक्रिया की दूरी और ब्रेकिंग दूरी - वह दूरी जो आपकी कार ब्रेक दबाने के बाद रुकने से पहले तय करती है - से मिलकर बनी है।

रुकने की दूरी ड्राइवर स्थितियों, सड़क और मौसम स्थितियों और वाहन की हालत के अनुसार विभिन्न होती है।

ड्राइवर प्रतिक्रिया समय वह समय है जो ड्राइवर के जोखिम को देखने, दिमाग को यह समझने कि यह जोखिम तुरंत प्रतिक्रिया की मांग कर रहा है और पैर को एक्सिलरेटर से ब्रेक पैडल पर ले जाने में व्यतीत होता है (औसतन 1.5 सेकंड)। प्रतिक्रिया गति कई कारकों पर निर्भर है इसलिए कोई एक, सार्वभौमिक प्रतिक्रिया समय मान नहीं है।

कई कारकों जैसे ड्राइवर (थका हुआ, मांदा, बीमार, नशे में, उम्र, लिंग), दृष्टि, दिन का समय, मानसिक भार, तत्कालिकता, अपेक्षा आदि पर आधारित हो कर प्रतिक्रिया समय 1 सेकंड से 4 सेकंड तक ले सकता है।

**सुरक्षित रुकने के लिए दूसरे वाहन के पीछे बहुत निकटता से ड्राइव करना** *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 126-127*
**जुर्माना:** $514 + 3 **डिमेरिट पॉइंट**

CUMBERLAND CITY COUNCIL

# तीव्र गति के दंड

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

जुर्माने बिना सूचना परिवर्तन के अधीन।
अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## तीव्र गति के अपराध के दंड *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 20*

| किमी/घंटा सीमा से ऊपर | जुर्माना एवं डिमेरिट पॉइंट | जुर्माने की श्रेणी | विद्यालय क्षेत्र जुर्माना एवं डिमेरिट पॉइंट |
|---|---|---|---|
| 1-10 | $145 + 4DP | L+P1+P2 लाइसेंस * | $238 + 5DP |
| | $145 + 1DP | अबाधित लाइसेंस | $238 + 2DP |
| | $429 + 1DP | >4.5 टन GVM ट्रक एवं कोच | $542 + 2DP |
| 11-20 | $316 + 4DP | L+P1+P2 लाइसेंस * | $429 + 5DP |
| | $334 + 3DP | अबाधित लाइसेंस | $405 + 4DP |
| | $542 + 3DP | >4.5 टन GVM ट्रक एवं कोच | $715 + 4DP |
| 21-30 | $574 + 4DP | L+P1+P2 लाइसेंस *<br>अबाधित लाइसेंस | $715 + 5DP |
| | $675 + 4DP | >4.5 टन GVM ट्रक एवं कोच | $811 + 5DP |
| 31-45 | $1,097 + 5DP | L+P1+P2 लाइसेंस *<br>अबाधित लाइसेंस<br>>4.5 टन GVM ट्रक एवं कोच | $1,384+ 6DP |
| | $1,718 + 5DP | >12 टन GVM ट्रक एवं कोच | $1,713 + 6DP |
| | +लाइसेंस स्थगन = कम से कम 3 महीने के लिए | | |
| 45 > | $2,959 + 6DP | L+P1+P2 लाइसेंस *<br>अबाधित लाइसेंस<br>>4.5 टन GVM ट्रक एवं कोच | $2,967 + 7DP |
| | $4,485 + 6DP | >12 टन GVM ट्रक एवं कोच | $4,385 + 7DP |
| | +लाइसेंस स्थगन = कम से कम 6 महीने के लिए | | |

*

- किसी भी तीव्र गति के अपराध के लिए लर्नर एवं P1 प्लेट के ड्राइवरों का लाइसेंस कम से कम तीन महीने के लिए स्थगित हो जाएगा
- किसी भी तीव्र गति के दूसरे अपराध के लिए P2 प्लेट के ड्राइवरों का लाइसेंस कम से कम तीन महीने के लिए स्थगित हो जाएगा
- गति सीमा से 30 किमी प्रति घंटा अधिक की गति होने पर लर्नर एवं तत्कालिक राइडरों और ड्राइवरों का लाइसेंस तुरंत स्थगित और ज़ब्त कर लिया जाएगा।



CUMBERLAND CITY COUNCIL

# सीट बेल्ट दंड और बाल अवरोध

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

जुर्माने बिना सूचना परिवर्तन के अधीन।
अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

## सीट बेल्ट दंड *ऑस्ट्रेलियाई सड़क नियम - 256-267*

| अपराध का प्रकार | अदाकर्ता | दंड + डिमेरिट पॉइंट |
|---|---|---|
| ड्राइवर ने कोई सीट बेल्ट न पहनी हो | ड्राइवर | $387 + 3DP |
| 1 यात्री ने कोई सीट बेल्ट न पहनी हो | | $410 + 3DP |
| 2 यात्रियों ने कोई सीट बेल्ट न पहनी हो | | $818 + 6DP |
| 3 यात्रियों ने कोई सीट बेल्ट न पहनी हो | | $1,245 + 6DP |
| 4 यात्रियों ने कोई सीट बेल्ट न पहनी हो | | $1,632 + 6DP |
| बच्चे उनकी उम्र के अनुसार गैर-स्वीकृत रिस्ट्रेन्ट (नियंत्रण) में हों | | $387 + 3DP |
| यात्री ने कोई सीट बेल्ट न पहनी हो | यात्री (यदि 16 वर्ष+) | $387 |
| यात्री ने सीट बेल्ट साझा की हो | | $387 |



### बच्चे < 6 महीने

अपेक्षित है: पीछे की तरफ मुँह वाले रिस्ट्रेन्ट



### बच्चे 6 महीने - 4 साल

अपेक्षित है: पीछे की तरफ या आगे की तरफ मुँह वाले रिस्ट्रेन्ट



### बच्चे 4 - 7 साल

अपेक्षित है: आगे की तरफ मुँह वाले रिस्ट्रेन्ट या बूस्टर सीट

- 4 साल से कम उम्र के बच्चे दो या अधिक पंक्तियों वाले वाहन की आगे की सीट पर यात्रा नहीं कर सकते।
- 4 साल से 7 साल के नीचे के बच्चे दो या अधिक पंक्तियों वाले वाहन की आगे की सीट पर तब तक यात्रा नहीं कर सकते जब तक कि पीछे की सभी सीटें 7 साल से कम के बच्चों से बाल रिस्ट्रेन्ट या बूस्टर सीट द्वारा भर न गई हों।

यदि कोई बच्चा उसकी उम्र के अनुसार स्वीकृत रिस्ट्रेन्ट में यात्रा न कर रहा हो, तो आप पर $387 + 3 **डीमेरिट पॉइंट** का जुर्माना हो सकता है।

# गति प्रतिबंध - विद्यालय क्षेत्र

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

अब तक, आप इनसे परिचित होंगे, विद्यालयों के आसपास 'मेरी ख़ातिर 40 पर चलाएं' सड़क चिह्न।

बहुत से ड्राइवर सही करते हैं और विद्यालय क्षेत्र में 40 किमी प्रति घंटा या इससे कम की गति से यात्रा करते हैं। इसके कारण, हमारे बच्चे विद्यालय आते जाते समय सुरक्षित रहते हैं।

**40 किमी प्रति घंटा की गति सीमा क्यों रखी गई है?**

पेशेवर ड्राइवरों और अनुसंधानकर्ताओं की जाँच ने साबित किया है कि आप जितनी तीव्र गति से चलते हैं, भिड़ंत में उतना अधिक नुकसान होता है।

60 किमी प्रति घंटा वाले वाहन से टकराने के बाद, केवल 15% बच्चे ही बच पाते हैं। यदि 50 किमी प्रति घंटा पर भिड़ंत हो तो 55% बच जाते हैं। 40 किमी प्रति घंटा पर, 75% बच्चे बच जाते हैं।

यदि बच्चे आपके वाहन के सामने भागते, चलते या लुढ़क कर आ जाते हैं तो आप जितना धीमे जाएंगे, उनकी चपेट में आकर मरने की उतनी कम संभावना होगी।

गति का इसपर भी प्रभाव पड़ता है कि रुकने में कितना समय लगेगा। यदि कोई बच्चा सड़क की तरफ भागता है या किसी पार्क की हुई कार से सामने आ जाता है, तो आपको उन्हें देखने के समय से कम से कम:

- 40 किमी प्रति घंटा से रुकने में 18 मीटर लगेंगे
- 50 किमी प्रति घंटा से रुकने में 27 मीटर लगेंगे
- 60 किमी प्रति घंटा से रुकने में 39 मीटर लगेंगे

यह बात मायने नहीं रखती कि आपके ब्रेक कितने अच्छे हैं - यह दूरियाँ सामान्य सड़कों पर सभी गाड़ियों और मोटरबाइकों के लिए लागू हैं। यदि आप फिसल जाते हैं या आपके टायर और ब्रेक घिसे हुए हैं तो इसमें रुकने के लिए और अधिक दूरी लग सकती है। याद रखें, आप जितनी धीमे जाएंगे उतनी जल्दी रुक सकेंगे।

बच्चे फुटपाथ पर क्या कर रहे हैं इसपर नज़र रखें। यदि आपका ध्यान कार में किसी चीज़ से भटक गया है, तो शायद आप बच्चों को टक्कर मारने से पहले उन्हें देख भी न सकें।

विद्यालय क्षेत्र में किसी बच्चे को टक्कर मारने से बचने के लिए या इसकी संभावना कम करने के लिए:

- चौकस रहें।
- 40 किमी प्रति घंटा की सीमा पर या इससे कम गति पर चलाएं।
- शांत रहें और फिसलें नहीं।
- सुनिश्चित करें कि आपके टायर और ब्रेक अच्छी हालत में हों।
- बच्चों से अनपेक्षित करने की अपेक्षा रखें।

धीमे और ध्यान से चलाने से और अपना पैर ब्रेक पर रखने से आप खुद को बच्चों की हरकतों को देखने का अधिक समय देते हैं और बिना किसी को चोट पहुँचाए धीमा कर सकते हैं या रोक सकते हैं।






# गति प्रतिबंध - आवासीय क्षेत्र

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

NSW में नवंबर 2003 से सभी निर्माण किए गए क्षेत्रों में 50 किमी प्रति घंटा की शहरी गति सीमा रही है।

बहुत से ड्राइवर सही करते हैं और आवासीय सड़कों पर 50 किमी प्रति घंटा या इससे कम की गति से यात्रा करते हैं। दुर्भाग्यवश, काउंसिल जाँचें दर्शाती हैं कि कुछ ड्राइवर कई आवासीय सड़कों पर 60 किमी प्रति घंटा की गति से तेज़ यात्रा करते हैं।

**50 किमी प्रति घंटा की सीमा क्यों रखी गई है?**

आप जितनी तेज़ चलेंगे, रुकने में उतनी देर लगेगी और भिड़ंत में आप उतना ही नुकसान करेंगे, खासतौर पर बच्चों और बूढ़ों को।

भिड़ंत होने के आंकड़े दर्शाते हैं कि 60 किमी प्रति घंटा की गति से चलने वाले वाहन से टकराने के बाद, केवल 15% बच्चे ही बच पाते हैं। 50 किमी प्रति घंटा की गति से चलने वाले वाहन से टकराने के बाद, 55% बच्चे बच पाते हैं।

इसलिए, यदि बच्चे आपके वाहन के सामने भागते, चलते या लुढ़क कर आ जाते हैं तो आप जितना धीमे जाएंगे, उनकी चपेट में आकर मरने की उतनी कम संभावना होगी। यह बूढ़े पैदल यात्रियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्हें अक्सर सड़क पार करने के लिए अधिक समय चाहिए होता है, इसलिए 50 किमी प्रति घंटा पर या इससे नीचे चलने पर उनको सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने का पर्याप्त समय मिल जाता है।

कुछ आवासीय सड़कों पर बेहतर है कि 50 किमी प्रति घंटा की गति से धीमे चला जाए, क्योंकि फुटपाथ और ड्राइववे की आपकी दृष्टि पेड़ों, कचरे के डिब्बों या अन्य पार्क की हुई गाड़ियों के कारण बाधित हो सकती है।

**गति = दूरी = समय**

भौतिकी के सिद्धांत साबित करते हैं कि आप जितनी तेज़ी से जाएंगे, तो आपातकाल में आपको क्या करना है इसका निर्णय लेने में आपको उतनी अधिक दूरी तय करनी होगी। उदाहरण के लिए, जब कोई पैदल यात्री झाड़ी, कचरे के डिब्बे या पार्क की हुई गाड़ी के पीछे से निकलता है, तो उसे देखने के समय से आपको अपना पैर एक्सिलरेटर से हटाने में लगभग एक सेकंड लगेगा।

उस एक सेकंड में, 50 किमी प्रति घंटा पर, आपने 13.9 मीटर दूरी तय कर ली होगी। 60 किमी प्रति घंटा पर आपने 16.7 मीटर दूरी तय कर ली होगी - ऐसा केवल तभी जब आप सचेत हैं और ड्राइविंग पर ध्यान दे रहे हैं - इस बिंदु पर आपको अभी भी रुकने की ज़रूरत है।

50 किमी प्रति घंटा पर, आपने रुकने से पहले कम से कम 11 मीटर दूरी और तय कर ली होगी। इसका अर्थ है कि उस व्यक्ति को देखने के बाद रुकने में 25 मीटर से अधिक। यदि आप 10 किमी प्रति घंटा अधिक से यात्रा कर रहे होते, तो व्यक्ति को देखने के समय से रुकने तक आपने कम से कम 32 मीटर दूरी तय कर ली होगी। यह समय और दूरियाँ सामान्य सड़कों पर सभी गाड़ियों और राइडरों के लिए लागू हैं।

आप जितना धीमे जाएंगे आपको पैदल यात्री को देखने और रोकने के लिए उतना अधिक समय मिलेगा।

पैदल यात्री फुटपाथ पर क्या कर रहे हैं इसपर नज़र रखें, खासतौर पर बच्चों पर। यदि आपका ध्यान कार में किसी चीज़ से भटक गया है, तो शायद आप किसी छोटे बच्चे को कुचलने से पहले उसे देख भी न पाएं।

पैदल यात्रियों को टक्कर मारने से बचने के लिए या इसकी संभावना कम करने के लिए:

- सचेत रहें - अपने वातावरण पर नज़र रखें।
- आवासीय क्षेत्रों में 50 किमी प्रति घंटा की सीमा पर या इससे कम गति पर चलाएं।
- शांत रहें और फिसलें नहीं।
- सुनिश्चित करें कि आपके टायर और ब्रेक अच्छी हालत में हों।
- बच्चों से और अन्य वाहनों से अनपेक्षित करने की अपेक्षा रखें।



CUMBERLAND CITY COUNCIL

# लाइसेंस के दंड

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

जुर्माने बिना सूचना परिवर्तन के अधीन।
अभी से 30 जून, 2025 तक

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

### अयोग्य, रद्द या स्थगित लाइसेंस के साथ ड्राइव या राइड करना (इसमें लाइसेंस की नामंजूरी शामिल है)

| | पहला अपराध | पाँच साल में दो या अधिक अपराध |
|---|---|---|
| कोर्ट द्वारा लगाया गया जुर्माना | $3,300 तक | $ 5,500 तक |
| गाओल की सज़ा | 18 महीने तक | दो साल तक |
| अतिरिक्त लाइसेंस अयोग्यता | 12 महीने से असीमित तक | 2 साल से असीमित तक |
| यदि कोई विशिष्ट कोर्ट ऑर्डर न हो तो अतिरिक्त लाइसेंस अयोग्यता | तीन महीने | दो साल |

### बिना कभी किसी ऑस्ट्रेलियाई लाइसेंस के ड्राइव या राइड करना

| | पहला अपराध | पाँच साल में दो या अधिक अपराध |
|---|---|---|
| जुर्माने की नोटिस | $987 | लागू नहीं |
| कोर्ट द्वारा लगाया गया जुर्माना | $ 2,200 तक | $3,300 तक |
| गाओल की सज़ा | लागू नहीं | 18 महीने तक |
| अतिरिक्त लाइसेंस अयोग्यता | असीमित | कम से कम तीन साल |

*"बिना कभी कोई लाइसेंस रखे ड्राइव या राइड करने" का अपराध तब लागू होता है जब व्यक्ति किसी समय सीमा समाप्त विदेशी लाइसेंस पर ड्राइव कर रहा होता है।*

### समय सीमा समाप्त लाइसेंस पर ड्राइव या राइड करना

| | पहला अपराध | पाँच साल में दो या अधिक अपराध |
|---|---|---|
| पिछले दो सालों के दौरान लाइसेंस की समय सीमा समाप्त हुई हो | $644 | $1,045 |
| दो साल से पहले लाइसेंस की समय सीमा समाप्त हुई हो | $772 | $1,545 |

### कोई ऐसा वाहन ड्राइव या राइड करना जिसमें आपको अपने लाइसेंस की तुलना में उच्चतर लाइसेंस श्रेणी की आवश्यकता हो

| | पहला अपराध | पाँच साल में दो या अधिक अपराध |
|---|---|---|
| श्रेणी C, R, LR या MR लाइसेंस | $644 | $987 |
| श्रेणी HR, HC या MC लाइसेंस | $818 | $1,545 |

*उदाहरण: आप कोई मोटरबाइक चला रहे हैं लेकिन आपके पास केवल कार का लाइसेंस है - पहला अपराध = $644*

वाहन के स्वामी के तौर पर, आपको यह जाँच करने की भी आवश्यकता है कि जो कोई भी आपका वाहन ड्राइव या राइड कर रहा है उसके पास सही लाइसेंस हो। हो सकता है कि आप खुद को अपराध 'होने देने' के लिए जुर्माना प्राप्त करने के जोखिम में डाल रहे हों। सामान्यत: यह जुर्माना ड्राइवर या राइडर के जुर्माने जितना ही होता है।

यदि आप यह दावा करते हैं कि आपको नहीं पता था कि वे बिना लाइसेंस के थे या उनके पास सही लाइसेंस नहीं था तो आपको उनका लाइसेंस न जाँचने के लिए जुर्माना लग सकता है ($129)।

# विद्यालय क्षेत्रों में सुरक्षित निगरानी

## सड़क सुरक्षा तथ्य शीट

*अधिक जानकारी के लिए काउंसिल सड़क सुरक्षा अधिकारी से 8757 9000 पर संपर्क करें*

बहुत से ड्राइवर सही करते हैं कि वे अपने बच्चों की विद्यालयों के आसपास निगरानी करते हैं। इसके कारण, हमारे बच्चे विद्यालय आते जाते समय सुरक्षित रहते हैं।

विद्यालय क्षेत्रों में बच्चों की निगरानी करने के लिए यह तथ्य शीट एक सुलभ अनुस्मारक प्रदान करती है।

**पटरी के किनारे की साइड सुरक्षित साइड है**

कुछ विद्यालयों के पास कार पार्क करने के लिए स्थान नहीं होता, या वह बहुत व्यस्त हो सकता है, इसलिए आपके पास उसे प्रयोग करने का समय नहीं है। अपने बच्चों को वाहन में तब तक रखें जब तक कि आपने सुरक्षित और कानूनी तरीके से पार्क न कर लिया हो। उनके उतरने या चढ़ने से पहले पटरी के किनारे पार्क कर लें।

**अपने बच्चों को गेट तक पैदल ले जाएं**

इसमे बस कुछ मिनट ही लगते हैं। सड़क को सुरक्षित रूप से कैसे पार करना है यह सिखाते हुए सुबह और दोपहर में अपने बच्चों को विद्यालय के गेट पर पैदल लाएं और ले जाएं।

**सड़क पार करने में अपने बच्चों की सहायता करें**

सभी ड्राइवर विद्यालय क्षेत्रों में बच्चों को होने वाले खतरों के बारे में नहीं जानते। अपने बच्चों को पैदल क्रॉसिंग या ट्रैफिक लाइटों पर सड़क पार करने में सहायता करें। उनके साथ चलें और उदाहरण देकर नेतृत्व करें।

अपने बच्चों को यह सिखाएं:

- पटरी के किनारे पर **रुकना**
- खतरे को **देखना**
- खतरे को **सुनना**
- खतरे के जाने का **इंतजार करना**

किसी दिन आपको किसी और को अपने बच्चों को विद्यालय ले जाने या वहाँ से लाने के लिए कहना पड़ सकता है। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चों को पता हो कि सड़क पार करते समय कैसे सुरक्षित रहते हैं।

